**दिनांक 29.04.2026 को अपराह्न 03.30 बजे सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में संपन्न विभागीय समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

विभागीय समीक्षा बैठक में निम्नांकित निदेश दिये गयेः—

1. बेल्ट्रॉन के द्वारा Khanansoft Portal, VLTS Portal एवं खनन से संबंधित अन्य एप्लीकेशन/Website का टेक्निकल ऑडिट का अनुश्रवण कर महत्वपूर्ण निष्कर्ष तैयार करने का निदेश दिया गया। इसमें corrective actions अवश्य शीघ्र कराया जाएँ।

   अनु0— उप सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग/NISG

2. IMMIS (Integrated Mining Management Information System) के E-proc portal एवं Parivesh पोर्टल का API Based access हेतु संबंधित विभाग/मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर API Integration के कार्य को follow up करने का निदेश दिया गया।

   अनु0— उप सचिव/आई0टी0 मैनेजर/प्रोग्रामर

3. NIC द्वारा उपलब्ध कराये गये Functional Requirement Specification (FRS) एवं Software Requirement Specification (SRS) में उल्लेखित बिन्दुओं का नये System Integrator का चयन हेतु RFP में शामिल करने का निदेश दिया गया।

   अनु0— उप सचिव/श्री आनंद प्रकाश, स0 नि0 (मु0)

4. विभाग में NISG से Senior Consultant की सेवा ली जा रही है। वृहत खनिज के संबंध में भारत सरकार द्वारा नियमित रूप से नियमों में संशोधन किये जा रहे हैं। उन संशोधनों का बिहार राज्य के संबंध में खनन पट्टों पर पड़ने वाले प्रभाव/अपेक्षित कार्रवाई के संबंध में प्रत्येक माह अवगत कराने का निदेश दिया गया।

   अनु0—निदेशक, खान/ NISG

5. Satellite Imagery का उपयोग कर अवैध खनन की निगरानी किये जाने हेतु BIRSAC द्वारा तैयार किये जा रहे PoC एवं प्रस्ताव का follow up करने का निदेश दिया गया।

   अनु0—श्री लाल बिहारी प्रसाद, ख0 वि0 पदा0 (मु0)

6. NIC को विभिन्न मामलों में जितने भी पत्र दिये गये हैं, उनकी समीक्षा कर सभी अव्यवों को नये सिस्टम इंटीग्रेटर (SI) की सेवा लिये जाने हेतु RFP में शामिल करने का निदेश दिया गया। RFP एवं संबंधित SI संलेख उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

   अनु0—निदेशक, खान

7. GSI द्वारा अन्वेषित Cu-Pb-Zn का G-2 ब्लॉक की ई–नीलामी से पूर्व समाहर्त्ता, बांका से Land Schedule से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गयी है। समाहर्त्ता, बांका का प्रतिवेदन प्राप्त हो चुका है। ई–नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

अनु0–निदेशक, खान / श्री राजेश कुमार कुशवाहा, स0 नि0

8. दिनांक–25.02.2026 को विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न खान एवं भूतत्व विभाग की समीक्षा बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन यथाशीघ्र करने का निदेश दिया गया।

अनु0–निदेशक, खान / सभी सहायक निदेशक (मु0)

9. ड्रोन RFP से संबंधित संचिका शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री आनंद प्रकाश, स0 नि0 (मु0)

10. सभी जिलों के बालूघाटों के संबंध में विगत एक वर्ष का Google earth के माध्यम से अध्ययन कराने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री विकास कुमार पासवान, स0 नि0 (मु0)

11. Bihar Land Cess Act से संबंधित संचिका शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

12. CMPDI द्वारा नदियों का किये गये पुनर्भरण अध्ययन का Final प्रतिवेदन शीघ्र प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

13. जॉच में पारदर्शिता एवं प्रभावशाली बनाने हेतु अद्यतन तकनीक यथा Live videography, body wear videography के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने का निदेश दिया गया। इसके लिए Police/Transport इत्यादि के established system एवं अन्य राज्यों के Best Practices भी देख लिया जाय।

अनु0–श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0) / NISG

14. रैखिक परियोजनाओं (Linear Project) में साधारण मिट्टी के प्रयोग हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन अधिसूचना के अनुसार Standard Operating Procedure (SOP) के संबंध में सभी जिलों का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

15. मंजोस भंटा वृहत खनिज ब्लॉक के सफल नीलामी हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निदेश दिया गया।

अनु0– श्री राजेश कु0 कुशवाहा, स0 नि0 (मु0)

16. विधि विभाग से Major Minerals के लिए प्राप्त परामर्श के सभी मामलों को शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

अनु0– श्री राजेश कु0 कुशवाहा, स0 नि0 (मु0)

17. ISTP को 01 जून, 2026 से प्रभावी बनाने हेतु सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

अनु0– श्री राजेश कु0 कुशवाहा, श्री आनंद प्रकाश, श्री विकास कु0 पासवान स0 नि0 (मु0)

18. परिवहन विभाग के तर्ज पर दण्ड/जुर्माना के संबंध में चालान (दंड) Handheld POS मशीन से क्रियाशील करने हेतु सभी आवश्यक कार्य दिनांक 01 अगस्त, 2026 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

अनु0– श्री आनंद प्रकाश, स0 नि0 (मु0)/NISG/IT Manager

19. Online Return Upload नहीं करने वाले बंदोबस्तधारी के मामलों का लगातार अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

अनु0–महाप्रबंधक (वित्त)/श्री शंभु प्रसाद साहू, खनिज विकास पदा0

20. एस0बी0आई0 कैप के बकाया भुगतान से संबंधित संचिका को follow up करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री राजेश कु0 कुशवाहा, स0 नि0 (मु0)

21. स्कैन पत्रों की पूरी सूची तैयार करने, महत्वपूर्ण पत्रों का निष्पादन 96 घंटे के अंदर पूरा करने एवं कार्य निष्पादित होने तक संबंधित पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मामलों को follow up करेंगे।

अनु0–श्रीमती मेनका सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी/
सहायक प्रशाखा पदाधिकारी

22. ईट भट्ठा तथा खनन कार्य करने में शामिल व्यक्तियों का आई0 डी कार्ड तैयार किये जाने एवं खनन संबंधी क्षेत्रों में बेसलाईन सर्वे का फ्रेमवर्क तैयार करने हेतु निदेशित किया गया।

अनु0–श्रीमती मेनका सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी

23. iGOT-2 के क्रियान्वयन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के निदेश के आलोक में विभाग के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधी प्रमाण–पत्र विभाग को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिन पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, उन्हें निश्चित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

अनु0–अपर सचिव/आई0टी0 मैनेजर

24. मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी सेवा संवर्ग के सेवा इतिहास को ई–सेवा इतिहास के HRMS Module में अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

अनु0–श्री ऐश्वर्य कश्यप, विशेष कार्य पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर

25. बालू मित्र एप से संबंधित कार्यों हेतु चयनित Coresonant system Pvt. Ltd द्वारा बेल्ट्रॉन से अविलंब सर्वर प्राप्त कर बालू मित्र एप का अंतिम रूप से डेमोंस्ट्रेशन किया जाय।

अनु0– निदेशक, खान/जी0एम0, बी0एस0एम0सी0एल0

26. वन अधिकारी (संविदा) की नियुक्ति हेतु इच्छुक व्यक्ति का चयन कर विज्ञापन प्रकाशित करने का निदेश दिया गया।

अनु0–महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0

27. कोयला के संबंध में आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 की कार्य योजना यथाशीघ्र बनाकर उसपर कार्य करने एवं इस वर्ष के बजट में लागू प्रावधानों के तहत् कोयला उठाव से संबंधित मामलों की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाय।

अनु0– निदेशक, खान/महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0

28. कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित Coal SETU Window के क्रियान्वयन से होने वाले प्रभाव का अध्ययन कर प्रतिवेदन समर्पित करने एवं राजस्व प्राप्ति के वैकल्पिक स्रोत से संबंधित कार्य योजना तैयार करने तथा बोर्ड को अवगत कराने का निदेश दिया गया

अनु0– निदेशक, खान/महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0

29. घरेलू गैस (LPG) की उपलब्धता में कठिनाई को देखते हुए आम उपभोक्ताओं को पी0डी0एस0 डीलर के माध्यम से कोयला उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तर पर थोक बिक्रेताओं के चयन हेतु प्राप्त निर्देश का ससमय अनुपालन किया जाय।

अनु0– निदेशक, खान/महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0

30. BSMDCL के सभी लंबित कार्यों का निष्पादन करने एवं BSMDCL को BSMCL में विलय करने की सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

अनु0–महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0

31. आरोप/निगरानी से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में विभागीय कार्यवाही से संबंधित लंबित मामलों को Follow Up करने का निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, खान एवं भूतत्व विभाग

32. सेवानिवृत्ति के उपरान्त सेवान्त लाभ के लंबित मामलों को Follow Up करने का निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग

33. सेवा संपुष्टि से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों का डाटा शत–प्रतिशत प्राप्त कर शीघ्र कार्य पूरा करने का निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग

34. प्रोन्नति/ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 से संबंधित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव/संयुक्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी

35. मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा HRMS के माध्यम से लिये गये छुट्टी को Excel Sheet में भी संधारित करने का निदेश दिया गया।

अनु0–ऐश्वर्य कश्यप, विशेष कार्य पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर

36. AEBAS के तहत् मुख्यालय, निगम तथा जिला खनन कार्यालय में पूर्ण रूप से Biometric System लागू कराने का निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग

37. अनुकम्पा से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने हेतु निदेश दिया गया।

अनु0– अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग

38. लंबित आई0 आर0 के मामलों के निष्पादन हेतु महालेखाकार कार्यालय से समन्वय करने तथा मामलों को follow up करने का निदेश दिया गया।

अनु0–आतरिक वित्तीय सलाहकार /अवर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग

39. अन्वेषण निदेशालय के गठन के क्रम में संविदा पर रखे जाने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के वेतन संरचना के संबंध में वित्त विभाग, बिहार से सम्पर्क स्थापित कर कार्य निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

अनु0—अपर सचिव/संयुक्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी

40. नव नियुक्त जिला खनिज विकास पदाधिकारी की नियुक्ति से संबंधित कार्य से संबंधित एक चेकलिस्ट तैयार करने का निदेश दिया गया एवं शीघ्र Joining कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

अनु0—अपर सचिव/संयुक्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी

41. PMKKKY संलेख को follow up कर शीघ्र Cabinet में लाने हेतु अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

अनु0—मेनका सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी

42. खनन कार्य में AI, GPS, Satellite आधारित उन्नत तकनीक का बेहतर उपयोग किये जाने से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। इसके लिए BIRSAC से समन्वय स्थापित किया जाय।

अनु0— श्री लाल बिहारी प्रसाद, ख0वि0 पदा0 (मु0)

43. वृहत खनिज में GSI G-2 ई–नीलामी के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने एवं बांका जिलान्तर्गत CU-PB-ZN ब्लॉक हेतु SBI कैप से VER के संबंध में प्रतिवेदन को follow up करने का निदेश दिया गया।

अनु0—श्री राजेश कु0 कुशवाहा, स0 नि0 (मु0)

44. राजस्व समाहरण हेतु प्रत्यर्पित बालू घाटों के बंदोबस्तधारियों से बैठक कर प्रत्यर्पण के कारणों का विश्लेषण करने का निदेश दिया गया।

अनु0—निदेशक, खान

45. साधारण मिट्टी के खनन से प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

अनु0—श्री राजेश कु0 कुशवाहा, स0 नि0 (मु0)

46. ईंट–भट्ठा से प्राप्त राजस्व की समीक्षा कर जिला वार प्रतिवेदन तैयार करने का निदेश दिया गया।

अनु0—श्री शंभु प्रसाद साहू, ख0वि0प0 (मु0)

47. CMPDI द्वारा नदियों का किये गये पुनर्भरण अध्ययन का ड्राफ्ट रिपोर्ट की समीक्षा हेतु CMPDI विशेषज्ञ टीम को विभाग आकर प्रस्तुतीकरण कराने एवं मामलों को follow up करने का निदेश दिया गया।

अनु0—श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

अंत में सधन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/—

(दिवेश सेहरा)
सचिव

सं0स0—विविध (बैठक)—07/2024 2973 /एम0, पटना, दिनांक— 07/05/26

प्रतिलिपि— सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/महाप्रबंधक, बी0एस0एम0सी0एल0/संयुक्त सचिव/उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/सभी सहायक निदेशक (मु0)/सभी खनिज विकास पदाधिकारी (मु0)/सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 प्रबंधक, खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/05/26.

सरकार के अवर सचिव